BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, सोमवार, 16 सितंबर, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# गणेश विसर्जन महोत्सव पर निकलने वाली तमाम गणेश प्रतिमाओं पर की जाएगी पुष्प वर्षा

## श्याम मित्र मंडल अत्तापुर की सभा आयोजित

**हैदराबाद, 15 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

श्री श्याम मित्र मंडल (सूरजगढ़ निशान) अत्तापुर के तत्वावधान में रविवार को रामबाग राम मंदिर प्रांगण में श्याम प्रेमी कार्यकर्ताओं की एक विशेष सभा का आयोजन मंडल के उपाध्यक्ष श्रीकांत मित्तल की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर सर्वप्रथम मंडल के संरक्षक पवन नालपुरिया ने गठित संरक्षक कमेटी का अनुमोदन कराया। संरक्षक कमेटी में संरक्षक वीवीएसआर अंजनैयुलू ,शशिकांत शर्मा, परामर्शदाता सुरेश कुमार मोदी, रामावतार गुप्ता, सोहनलाल नेहरा, नरेंद्र कुमार जांगिड़, श्याम अग्रवाल, अमित कुमार मोदी, संगठन प्रभारी मूलचंद शर्मा, मनीष कुमार शर्मा, राजेश स्वामी तथा प्रेस प्रभारी भंवरलाल चाहर को मनोनीत किया गया।

श्री श्याम मित्र मंडल संरक्षक कमेटी के मनोनयन के पश्चात मंडल के संरक्षक पवन नालपुरिया सभा में संरक्षक कमेटी के दायित्व एवं अधिकारों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा मंडल की निर्वाचित कमेटी के द्वारा कोई भी प्रस्तावित गतिविधि पर इनका परामर्श अनिवार्य रहेगा। श्री श्याम मित्र मंडल में शांति और सद्भावना बनाते हुए सबको संगठित करने की भूमिका निभाएंगे एवं श्री श्याम मित्र मंडल में इस टीम का सम्मानित अस्तित्व रहेगा।

इस मनोनयन का उपस्थित सदस्यों ने ताली बजाकर स्वागत किया। तत्पश्चात हर वर्ष की तरह जिस प्रकार श्री गणेश



निमार्जन महोत्सव के दिन अत्तापुर के पिलर नंबर 140 के सामने से निकलने वाली तमाम गणेश प्रतिमाओं पर पुष्प वर्षा स्वागत करते है परंपरा को सुचारू करते हुए इस बार भी 17 सितंबर को आयोजित गणेश निमार्जन महोत्सव के दौरान अत्तापुर के पिलर नंबर 140 के सामने विशाल पंडाल लगाकर किया जाएगा इस बात का निर्णय भी सभा में लिया गया। इस कार्यक्रम का संयोजक सभा में पवन नालपुरिया को बनाया गया इसके साथ श्याम अग्रवाल, डालूराम, अभिषेक अग्रवाल, अंकुश अग्रवाल, अमित कुमार मोदी आदि को भी जिम्मेदारी दी गई।

मंडल संरक्षक पवन नालपुरिया एवं सभा अध्यक्ष मोटरसाइकिल श्रीकांत मित्तल तथा सभी सहयोगी सदस्यों ने अत्तापुर क्षेत्र के सभी श्याम प्रेमियों से 17 सितंबर को अतापुर रिंग रोड पिलर नंबर 140 के सामने श्री गणेश स्वागत मंच मैं उपस्थित होकर श्री गणेश प्रतिमाओं का स्वागत एवं प्रसाद वितरण में सहयोग करने का आग्रह किया। सभा में इसके पश्चात श्री श्याम मित्र मंडल के परामर्शदाता सोहनलाल नेहरा के पिताजी स्वर्गीय घाशीराम जी नेहरा के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। सभा में मनीष अग्रवाल ,कीर्ति सिंह एडवोकेट, सुरेश कुमार मोदी, अमित कुमार मोदी, राम अवतार गुप्ता, संतोष अग्रवाल, अंकुश अग्रवाल, रामप्रसाद रीनवा, मालीराम अग्रवाल, पुरुषोत्तम कड़ेल,राजेश साबू, प्रकाश भाटी, श्याम अग्रवाल, बाबूलाल जोशी, शशिकांत शर्मा, मनीष शर्मा, डालूराम, उमेश नालपुरिया, छाजु राम मीणा सहित अन्य श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

# मेरा परिवार-धरती पर स्वर्ग विषयक कार्यक्रम का आयोजन

### डॉ. ज्ञानवत्सल स्वामी ने पारिवारिक सद्भाव और मूल्यों के सार पर दिया सारगर्भित भाषण

### गुजराती एकता संघ और बीएपीएस स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर के तत्वावधान में हुआ आयोजन





**हैदराबाद, 15 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

गुजराती एकता संघ (जीईएस) ने बीएपीएस स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर सिकंदराबाद के सहयोग से रविवार को जलविहार हैदराबाद में एक ऐतिहासिक कार्यक्रम की सफलतापूर्वक मेजबानी की। इस कार्यक्रम में मेरा परिवार, पृथ्वी पर स्वर्ग विषय के तहत पूज्य डॉ. ज्ञानवत्सल स्वामी द्वारा पारिवारिक सद्भाव और मूल्यों के सार पर एक सारगर्भित भाषण दिया गया।

पूज्य डॉ. ज्ञानवत्सल स्वामी बीएपीएस (बोचासनवासी अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था) के एक प्रसिद्ध प्रेरक वक्ता, आध्यात्मिक नेता और समाज सुधारक हैं। उन्होंने कई देशों में विभिन्न सेमिनारों में प्रेरक भाषण दिए हैं, जिसमें कॅरियर मार्गदर्शन से लेकर तनाव प्रबंधन तक कई विषयों को शामिल किया गया है। इस कार्यक्रम में लगभग 2000 लोगों की प्रभावशाली उपस्थिति देखी गई, जिसमें प्रमुख व्यवसायी, उद्यमी और गुजराती समुदाय के पेशेवर शामिल थे। पूज्य आत्मचिंतन स्वामी (प्रमुख संत, बीएपीएस मंदिर, सिकंदराबाद) और पूज्य विमलमुनि स्वामी भी पूरे आयोजन के दौरान पी. ज्ञानवत्सल स्वामी के साथ रहे।

पूज्य ज्ञानवत्सल स्वामी के संबोधन ने घर के पोषणपूर्ण वातावरण के निर्माण में पारिवारिक मूल्यों और सद्भाव की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उनके ओजस्वी भाषण ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिससे वे प्रेरित और चिंतनशील हो गए। मुख्य कार्यक्रम के संयोजन में बीएपीएस मंदिर, सिकंदराबाद के बाल मंडल कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों के लिए सफलता एक्सप्रेस नामक एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। हैदराबाद-सिकंदराबाद में विभिन्न गुजराती संघों का प्रतिनिधित्व करने वाली एक समर्पित 15-सदस्यीय समिति द्वारा संचालित गुजराती एकता संघ ने दो वर्षों में एक दृष्टिकोण को साकार होते देखा। यह आयोजन सुनीलभाई चावड़ा और साथी समिति के सदस्यों के दिमाग की उपज थी और इसे जीईएस सदस्यों के साथ-साथ संतों, बीएपीएस मंदिर, सिकंदराबाद के स्वयंसेवकों और परम पूज्य महंत स्वामी महाराज के आशीर्वाद के सामूहिक प्रयासों से जीवंत बनाया गया। इस आयोजन ने न केवल गुजराती समुदाय के बीच एकता और सद्भाव की भावना को बढ़ावा दिया, बल्कि समृद्ध जीवन और पारिवारिक संबंधों के प्रति सामूहिक प्रेरणा भी जगाई।

# अग्रवाल समाज की मैरेज डेटा कमेटी की बैठक आयोजित




**हैदराबाद, 15 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रवाल समाज की मैरेज डेटा कमेटी की 46 वीं बैठक समाज कार्यालय राघव रत्ना टॉवर में आयोजित की गई। एक प्रेस विज्ञप्ति में कमेटी के चेयरमैन मुकुंद लाल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रति रविवार कमेटी की बैठक 11 बजे से 1 बजे तक होती है जिसमे अभिभावक गण अपने बालक एवं बालिकाओं के बायोडेटा जमा कर उपलब्ध बायोडेटा का संज्ञान ले सकते हैं। कमेटी द्वारा व्हाट्सप में एक ग्रुप एएमडीसी ऑनली बायोडाटा का बना हुआ है जिसमे उन सभी लड़कियों के जिनके बायोडेटा समाज में उपलब्ध हैं केवल उन्हीं के अभिभावक गण उस ग्रुप के सदस्य हैं तथा सभी बालकों के बायोडेटा फोटो सहित ग्रुप में उपलब्ध हैं। लड़कियों के अभिभावक गण उस ग्रुप में देखकर अपनी लड़की के लिए उचित लड़का ढूँढ सकते हैं । पहली बार यह ग्रुप बनाया गया है जो काफ़ी उपयोगी सिद्ध हो रहा है। सभी अग्रबंधुओं से आग्रह है अपने अपने विवाह योग्य बालक बालिकाओं के बायोडेटा समाज में जमा करवायें। व्हाट्सप ग्रुप के बारे में जानकारी कमेटी के किसी भी सदस्य से ली जा सकती है । कमेटी के चेयरमैन मुकुंद लाल अग्रवाल के घर पर भी बायोडेटा जमा करके उपलब्ध बायोडेटा का संज्ञान लिया जा सकता है । रोज़ाना 12 बजे से 5 बजे तक अपने निवास बंजारा हिल्स पर वे उपलब्ध है । उनसे फ़ोन नंबर 9396222880 पर बात कर समय लेकर संपर्क किया जा सकता है । कमेटी में उपलब्ध बायोडेटा में समाज के इस सत्र अर्थात् 11 महीने में 136 रिश्ते नक्की हुए हैं। बैठक में अग्रवाल समाज की मैरेज डेटा कमेटी के चेयरमैन मुकुंद लाल अग्रवाल, वाइस चेयरमैन दीनबंधु अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, समाज के आक्यूपंचर के डॉक्टर बालकृष्ण सुरेखा एवं बालक-बालिकाओं के अभिभावक गण उपस्थित थे।



भगवान परशुरामजी गौमाता को वधशाला से बचा रहे हैं। गणेश मंडप विजय युवा संघ का नेतृत्व शंकर यादव गौरक्षक ने किया। इस अवसर पर उपस्थित स्वामी कमलेश महाराज, जसमत पटेल, रिद्धिष् जागीरदार, मुकेश चौहान एवं अन्य।

# अग्रसेन बायोडेटा कमेटी की साप्ताहिक बैठक सम्पन्न



**हैदराबाद, 15 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रसेन बायोडेटा कमेटी की साप्ताहिक बैठक रविवार को सिकंदराबाद पान बाज़ार ऑफ़िस में आयोजित की गई। पंकज संघी की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार हर रविवार यहां पर मीटिंग होती है और सभी अग्रवाल बंधु अपने अपने पुत्र-पुत्री के बायोडाटा आदान प्रदान कर इस सिलसिले पर चर्चा करते हैं। आज की बैठक में दुर्गा प्रसाद बंसल, पंकज कुमार संघी, सुनील अग्रवाल, पुरुषोत्तम गुप्ता, अरविंद गोयल, भगवती प्रसाद, अर्चना अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल, विजय मित्तल, अरविंद गोयनका, दीपा बंसल, प्रीतम गर्ग, रवि अग्रवाल, महेश अग्रवाल, जयश्री केडिया आदि उपस्थित थे।



क्वॉलिटी गार्डेनिया अपार्टमेंट चप्पल बाजार काचीगुड़ा द्वारा स्थापित भगवान गणेशजी की प्रतिमा की पूजा-अर्चना के दौरान उपस्थित भक्तगण।



अशोक हरने के निवास स्थान पर पूजा एवं विसजर्न में शामिल भक्तगण।



आबिड्स तिलक रोड स्थित अपने आवास पर विराजमान भगवान गणपति जी का विसर्जन हेतु विदा कर अगले वर्ष तू जल्दी आ की प्रार्थना करते हुए विजयप्रकाश अग्रवाल, बीना अग्रवाल एवं परिजन।



मुस्कुराएं और करें-आप जो भी करें वॉकिंग ग्रुप ने गौ सेवा मित्र मंडल के समन्वय से श्री समर्थ कामधेनु गौशाला जियागुड़ा में सब्जी सेवा की। जिसमें प्रमोद, रंगलाल, महेंद्र, विशाल, जुगल, मनोज अग्रवाल, यश अग्रवाल, सुनील जयलिया, श्याम अग्रवाल एवं अन्य भक्तगण उपस्थित रहे।




जेसीआई पैराडाइज सिकंदराबाद की महिला शाखा द्वारा लियोनिया रिसोर्ट में आयोजित बैठक में संस्था की अध्यक्ष रोज वले ने सामाजिक विषयों में महिलाओ की भागीदारी पर चर्चा करते हुए सभी सदस्यों का अभिनन्दन किया। इस अवसर पर सुमन गुप्ता के आलावा सभी वरिष्ठ महिला सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार और सांसद लक्ष्मण ने रविवार को सिकंदराबाद के परेड ग्राउंड में फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

# अन्नदान सेवा जैसे कार्य करने की प्रेरणा स्वयं ईश्वर देते हैं : राधे राधे ग्रुप

**हैदराबाद, 15 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

राधे राधे ग्रुप हैदराबाद के सौजन्य से रविवार को गांधी अस्पताल, मेट्रो रेलवे स्टेशन, पिलर-1030, सिकंदराबाद में जरूरतमंद लोगों के नि:शुल्क अन्नदान किया गया।

राधे राथे ग्रुप की और से जानकारी देते हुए रामप्रकाश अग्रवाल एवं सतीश गुप्ता ने बताया कि इस प्रकार के कार्य करने की प्रेरणा स्वयं ईश्वर देते हैं। ग्रुप ने अन्नदान की प्रेरणा इस ग्रुप को दी है यह किसी दैवीय चमत्कार से कम नही है। सभी सदस्य मिलकर अपना काम कर रहे हैं। राधे राधे ग्रुप हैदराबाद द्वारा प्रतिदिन यह सेवा 7 बजे सुबह की जायेगी। जिससे जरुरतमंद लोगों की सेवा हो सके। इस



अवसर पर रामप्रकाश अग्रवाल, सतीश चंद्र गुप्ता, जगतनारायण अग्रवाल, महेश अग्रवाल, श्रीकिशन अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, आशा गुप्ता, आशा अग्रवाल सहित ग्रुप के सदस्य उपस्थित रहे।

# अग्रवाल समाज तेलंगाना ने किया महाराजा श्री अग्रसेनजी जयंती महोत्सव का भव्य शुभारंभ








**हैदराबाद, 15 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

नगरद्वय में विभिन्न स्थलों पर उपस्थित अग्रवाल कुल के जनक युगप्रवर्तक महाराजा श्री अग्रसेन जी पूजा-अर्चना के साथ अग्रवाल समाज तेलंगाना द्वारा महाराजा श्री अग्रसेन जी की 5148वीं जयंती का शुभारंभ किया गया। रविवार को अग्रवाल समाज तेलंगाना के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल में निज़ाम हॉस्पिटल स्थित अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया एवं जयंती का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. गंगाधर अध्यक्ष नेफ्रोलॉजी विभाग निम्स, डॉ असीमा व अन्य रेजिडेंट डॉक्टों के साथ अग्रवाल समाज एबिड्स शाखा के उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार अग्रवाल शाखा के सचिव सूर्यकमल अग्रवाल, संयुक्त सचिव संजय किमर अग्रवाल, सदस्य उमेश अग्रवाल आदि उपस्थित थे। अग्रसेन जयंती महोत्सव 18 दिनों तक विभिन्न आयोजनों के साथ 3 अक्तूबर को संपन्न होगी। रविवार को नगरद्वय के विभिन्न क्षेत्रों में भी विभिन्न शाखाओं द्वारा महाराजा श्री अग्रसेन जी पूजा की गई। इस महोत्सव के अंतर्गत प्रथम कार्यक्रम चेस एंड कैरम प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्ट्स कमीटी एवं मानसरोवर शाखा द्वारा आयोजित किया गया।



**कुल प्रवर्तक महाराजा श्री अग्रसेन जी की 1548वीं जयन्ती महोत्सव के शुभआरंभ के अवसर पर अग्रसेन भवन सिकंदराबाद में स्थित श्री अग्रसेन महाराज की प्रतिमा की पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त करते हुए अग्रवाल समाज तेलंगाना के उपाध्यक्ष पुरशोत्तम अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, बिकी सराफ़, पवन विकास केसान,अजीत सरिया व अन्य।**



**बंजाराहिल्स स्थित के.बी.आर. पार्क में भगवान गणेश की पूजा करते हुए राजेंद्र कुमार अग्रवाल, सुरेंद्र कुमार अग्रवाल, मंसाराम अग्रवाल, गोपाल बलदावा, रवींद्र सिंह, नरसिंग राव, प्रवीण जैन, कमल किशोर, आनंद श्रीनिवास, पप्पू डाकोतिया, सी.ए. सुरेश अग्रवाल, किशोर अग्रवाल, विजय कुमार अग्रवाल, गोपाल बलदेव, विट्ठल दास अग्रवाल, शंकर लाल अग्रवाल, माया अग्रवाल, पल्लवी, प्रेरणा आदि उपस्थित थे।**

# प्रथम विशेष साधारण सभा सम्पन्न







**हैदराबाद, 15 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

शनिवार को पैराडाइज स्थित अग्रवाल समाज बैंक्वेट हॉल में अग्रवाल समाज तेलंगाना की केंद्रीय समिति के सदस्यों, शाखा के पदाधिकारियों एवं समिति के चेयरमैन, वाइस चेयरमैन की प्रथम विशेष साधारण सभा सम्पन्न हुई। अवसर पर अग्रवाल समाज के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि अग्रवाल समाज कई कार्यक्रमों का आयोजन करता आ रहा है जिसमें समाज की शाखाओं व दानदाताओं का सहयोग प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि समाज बंधुओं के लिए शिक्षा सहायता, मेडिकल सहायता, विधवा पेंशन, धनपात्र योजना आदि चलाई जा रही है जिससे समय समय पर समाज को लाभ मिल रहा है और आर्थिक रूप से जो समाजबंधु कमजोर हैं उनको सहायता भी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज को आंध्र सरकार ने श्रीशैलम में भूमि सुपूर्द की है जिसमें समाज के बंधुओं के लिए विशाल भवन का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज द्वारा महाराजा श्रीअग्रसेनजी जयंती महोत्सव भव्यता से आगामी 3 अक्तूबर को शमशाबाद स्थित क्लासिक कन्वेंशन में भव्यता से आयोजित किया जाएगा जिसमें समाज की शाखाएं सहयोग प्रदान करेंगी। सभी जयंती के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सक्रिय रूप से अपनी भागीदारी निभायें और समाज की एकजुटता का प्रदर्शन करें। इस अवसर पर श्रीशैलम भवन समिति के चेयरमैन एवं निवर्तमान अध्यक्ष अंजनी कुमार अग्रवाल ने जताया कि अग्रवाल समाज द्वारा श्रीशैलम में भव्य भवन का निर्माण किया जाएगा जिसके पंजीकरण एवं निर्माण का कार्य आगामी डेढ़ माह में आरंभ किया जाएगा। इसमें दानदाता स्वेच्छा से अपना योगदान दे रहे हैं। इस कार्य में सहयोग प्रदान करने वाले सभी का समाज आभार व्यक्त करता है। अवसर पर अग्रवाल समाज के उपाध्यक्ष एवं जयंती के प्रधान संयोजक पुरुषोत्तम अग्रवाल ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महाराजा श्रीअग्रेसनजी की जयंती पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

समाज का सबसे चर्चित महिला उत्सव कार्यक्रम 21 सितंबर को सिकंदराबाद क्लासिक गार्डन में आयोजित किया जायेगा। इस बार समाज द्वारा पहली बार जॉब फेयर का आयोजन जयंती के दौरान 22 सितंबर को सिकंदराबाद स्थित क्लासिक गार्डन में आयोजित किया जा रहा है जिसमें करीब 400 से अधिक जॉब के लिए मेला लगेगा। अब तक 200 से अधिक ने अपना नाम पंजीकरण करवाया है। इसी प्रकार समाज की अग्रसेन रथयात्रा का आयोजन 15 दिन के लिए किया जाएगा जो समाज की सभी शाखाओं तक पहुँचेगी जहां पर सभी पूजा अर्चना करेंगे। अग्रसेन रथयात्रा का समापन जयंती के दिन होगा। उन्होंने कहा कि जयंती महोत्सव के अंतर्गत युवाओं के लिए बॉक्स क्रिकेट का आयोजन किया जाएगा। समाज द्वारा खेलकूद को प्रोत्साहित करते हुए इस बार बैडमिंटन प्रतियोगिता 28 सितंबर को आयोजित की जाएगी और 29 सितंबर को विशाल स्तर पर शहर के विभिन्न स्थानों पर शाखा के सहयोग से पौधारोपण का कार्यक्रम विशाल स्तर पर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जयंती का मुख्य कार्यक्रम 3 अक्तूबर को शमशाबाद स्थित क्लासिक कन्वेंशन में आयोजित किया जाएगा। वहां पर गत तीन वर्ष की तरह लक्की ड्रा निकाला जाएगा तथा भाग्यशालियों को इस बार हीरा, सोना, चांदी का विशेष उपहार मिलेगा। उन्होंने कहा कि जयंती के मंचीय कार्यक्रम के पश्चात डांडिया कार्यक्रम होगा। सहभोज के साथ कार्यक्रम पूर्ण होगा।

सभा का संचालन मानद मंत्री कपूरचंद गुप्ता ने करते हुए गत बैठक का कार्यवृत्त प्रस्तुत कर उसे पारित करवाया। अवसर पर परामर्शदाता अनिरुद्ध गुप्ता, महेश नरेठा ने भी अपने विचार रखा। समाज द्वारा किये आ रहे कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी सक्रियता से कार्य करने की प्रेरणा दी। अवसर पर सभा का आभार सह-मंत्री कंचन अग्रवाल ने व्यक्त किया। अवसर पर कोषाध्यक्ष नवीन कुमार अग्रवाल सहित समाज के रुपेश कुमार अग्रवाल, राकेश कुमार जालान, राजेन्द्र जालान, संजय गुप्ता, संजय पसारी, शशि सिंघल, सुधीर कुमार जैन, अशोक आर. डाणी, उमेश गुप्ता, घनश्याम अग्रवाल, विष्णु, नितिन अग्रवाल, विजय कुमार अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, अजय कुमार अग्रवाल, प्रेम अग्रवाल, लोकेश सिंघल, योगेश्वर अग्रवाल, फकीरचंद, बिक्की सराफ, विकेश खखेतान, अनिल अग्रवाल, साकेत अग्रवाल, नवीन कुमार अग्रवाल, सुमेश अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, सुमित बंसल, गोविंद केडिया, भगवतीलाल अग्रवाल, अजय अग्रवाल, रुशील धनावत, कृष्णा अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, सविता अग्रवाल, शीतल रूंगटा, पवन कुमार, सुनिल अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सुरेश मित्तल, भुवनेश्वर अग्रवाल, राकेश पचेरिया, पी.डी. गुप्ता, गजानंद, वासुदेव, विजय जिंदल, डी.पी. बसंल, वर्षा रानी, विनोद केडिया अनामिका गुप्ता, विनोद अग्रवाल, बरखा अग्रवाल, पवन संघी, आनंद संघी, आशीष दोचानिया, रोहित जैन सहित अन्य उपस्थित थे।



**श्रीजी भक्त मंडल, तिलक नगर में स्थापित भगवान गणेश जी की पूजा अर्चना करते श्रीजी भक्तमंडल के सदस्य।**




**मध्यप्रदेश से गणेश विसर्जन के लिए नगर पधारे मध्य प्रदेश सिद्ध बाबा प्रधान पुजारी और कांग्रेस पार्टी वरिष्ठ नेता रामनिवास उर्मालिया, मनोज अग्निहोत्री राजगुरु, बबलू पटनहा , गुड्डा तिवारी ,राजेश परोहा का एयरपोर्ट और जगदीश मार्केट लक्ष्मी माता मंदिर में स्वागत करते हुए विंध्यांचल ब्रह्मण सेवा संघ अध्यक्ष सुनील कुमार पाण्डेय, उपाध्यक्ष रामशिरोमणि तिवारी, कुलदीप तिवारी, रामपाल पाण्डेय, प्रदीप पाण्डेय, नीरज त्रिपाठी एवं अन्य।**

# विप्र फ़ाउण्डेशन जोन-16 तेलंगाना का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित






**हैदराबाद, 15 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

विप्र फ़ाउण्डेशन जोन-16 तेलंगाना द्वारा रविवार, दि. 15 सितंबर, 2024 को काचीगुड़ा स्थित बद्रुका कॉलेज ऑडिटोरियम में भव्य रूप से प्रति सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ। जिसमें 125 से अधिक विप्र भविष्य प्रतिभा सम्मान के हकदार युवाओं ने सम्मान प्राप्त किया। कार्यक्रम का प्रारंभ मंच पर आसीन महानुभावों द्वारा किया गया, जिसमें अध्यक्ष हरिकिशन ओझा, मुख्य अतिथि अजय मिश्रा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरिनारायण व्यास, राष्ट्रीय महामंत्री भगवान व्यास, राष्ट्रीय प्रतिनिधि केशव शर्मा, विशेष अतिथि ए. सुब्रह्मण्यम सर, राकेश शर्मा, जोन-16 के महामंत्री रामदेव नागला, कोषाध्यक्ष मदनगोपाल व्यास, हैदराबाद चैप्टर के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत आदि मंचासीन थे। अतिथिों द्वारा भगवान परसुराम की पूजा व दीप प्रज्जवलन के पश्चात अतिथियों व राष्ट्रीय प्रतिनिधियों का शॉल-माला, साफ़ा व स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मान किया गया। अपने स्वातत भाषण में अध्यक्ष हरिकिशन ओझा ने विप्र फ़ाउण्डेशन की सभी नीतियों का विस्तारपूर्वक विश्लेशन किया। इसी क्रम में विशेष अतिथि राकेश शर्मा, ए. सुब्रह्म्यम राष्ट्रीय प्रतिनिधि श्री हरिनारायण व्यास, भगवान व्यास व विप्र रत्न एके पुरोहित ने अपने-अपने शब्दों में विप्र फ़ाउण्डेशन के कार्यों व शिक्षा व बालकों के भविष्य पर विस्तृत चर्चा की। सम्मान समारोह पर सभी सम्मान प्राप्तकर्ता को स्मृति चिह्न, दुपट्टा व पेन आदि देकर सम्मानित किया गया।राष्ट्रगान के पश्चात सभी ने स्वरुचि भोजन का आनंद लिया।





**नूरखांबाजार में अशोक गांधी , मम्मू गांधी एंड फ्रेंड्स द्वारा स्थापित श्री गणेश जी की पूजा में उपस्थित अखिल भारत हिन्दू महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी कमलेश महाराज, भाग्यलक्ष्मी मंदिर की ट्रस्टी सुश्री शशिकला , लव फोर काऊ फाउंडेशन के चेयरमैन जसमत पटेल, ट्रस्टी ऋद्धिश जागीरदार , जैन संस्कार वाटिका के मुकेश चौहान, महावीर केमल सेंचरी के सुरेंद्र भंडारी, आदित्य गेमावत एवं अन्य उपस्थित रहे।**

कश्मीर के विधानसभा चुनावों पर आतंकी हमलों का साया

# कई जगह मुठभेड़ें जारी, अतिरिक्त सैनिकों की हो रही तैनाती

**जम्मू, 15 सितंबर (ब्यूरो)।**

कश्मीर के चुनावों पर आतंकी हमलों का साया मंडराने लगा है। नतीजतन सरकार को ऐसे इलाकों में हजारों अतिरिक्त सैनिक भेजने पर मजबूर होना पड़ा है जहां दर्जनों मुठभेड़ें और तलाशी अभियान जारी हैं। अधिकारियों ने माना है कि डोडा और किश्तवाड़ जैसे इलाकों में 5,000-6,000 अतिरिक्त सैनिक तैनात किए गए हैं। हाल के हमलों के बीच तीन चरणों में होने वाले चुनावों के दौरान ड्रोन कड़ी निगरानी सुनिश्चित करेंगे।

केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) जम्मू और कश्मीर में बहुप्रतीक्षित विधानसभा चुनावों के करीब आने के साथ ही भारतीय सेना लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित करने वाली किसी भी घटना को रोकने के लिए व्यापक कदम उठा रही है, जो पांच साल पुराने यूटी के गठन के लगभग एक दशक बाद हो रही है। जम्मू और कश्मीर, विशेष रूप से जम्मू क्षेत्र में आतंकवाद की नई लहर चल रही है, जिससे सुरक्षा तंत्र में चिंता बढ़ गई है। नियंत्रण रेखा (एलअ-ोसी) के पार से घुसपैठ के प्रयासों का मुकाबला करने के लिए, भारतीय सेना ने एलओसी और ऊंचे इलाकों में सैनिकों को फिर से तैनात करके अपने घुसपैठ-रोधी ग्रिड को मजबूत किया है।



अधिकारियों ने बताया कि ऐसी रिपोर्टें भी हैं कि आतंकवादी कश्मीरी पंडितों, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं या प्रवासियों, जिनमें से अधिकतर बिहार और उत्तर प्रदेश से हैं, को निशाना बना सकते हैं, ताकि अराजकता और भय का माहौल पैदा किया जा सके, जिसका उद्देश्य चुनावों को बाधित करना है। इस तरह के हमलों के पीछे का उद्देश्य असुरक्षा की भावना पैदा करना और स्थानीय लोगों को चुनावों में भाग लेने से रोकना है, जिससे जम्मू-कश्मीर में अशांति की छवि बने। इन संभावित व्यवधानों से निपटने के लिए, सेना ने पहले ही उन क्षेत्रों में अतिरिक्त सैनिकों को तैनात कर दिया है, जहां हाल ही में हमलों में वृद्धि हुई है, खासकर जम्मू क्षेत्र में।

सीमावर्ती क्षेत्रों और डोडा और किश्तवाड़ जैसे क्षेत्रों में अतिरिक्त 5,000-6,000 सैनिकों को तैनात किया गया है, जहाँ हाल ही में हमलों में वृद्धि देखी गई है। इन चुनावों में उच्च दांव के कारण कड़ी निगरानी बनाए रखने के लिए ड्रोन का भी उपयोग किया जाएगा। सूत्रों ने जोर देकर कहा कि सुरक्षाकर्मी चुनाव के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति से निपटने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। तीन चरणों में होने वाले चुनाव 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर- 8 अक्टूबर को मतगणना के साथ, जम्मू और कश्मीर में हमलों की एक निरंतर लहर देखी गई है, खासकर जम्मू क्षेत्र में, जहां 2000 के दशक की शुरुआत में सुरक्षा बलों द्वारा आतंकवाद को दबा दिया गया था।

जम्मू संभाग के वन क्षेत्रों में गश्त करने वाले सुरक्षा बलों के अलावा, ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) चुनाव के दौरान रक्षा की दूसरी पंक्ति के रूप में काम कर रहे हैं। स्थानीय समुदाय की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए, भारतीय सेना और जम्मू और कश्मीर पुलिस इन वीडीजी को क्षेत्र के समग्र सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रशिक्षित कर रही है। हाल की रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि उधमपुर जिले में कठुआ-बसंतगढ़ सीमा के पास सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में बुधवार को जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से जुड़े दो आतंकवादी मारे गए। इससे पहले, अखनूर क्षेत्र में भारतीय चौकियों को निशाना बनाकर पाकिस्तानी सैनिकों की अकारण गोलीबारी के कारण सीमा सुरक्षा बल का एक जवान घायल हो गया था।

शुक्रवार को किश्तवाड़ जिले में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान एक जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेस-ीओ) सहित दो सैनिक मारे गए और दो अन्य घायल हो गए। इसके अतिरिक्त, शनिवार को उत्तरी कश्मीर के बारामुल्ला जिले के पट्टन इलाके में सुरक्षा बलों के साथ रात भर चली मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए।

यह घटना शनिवार को डोडा जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली से ठीक पहले हुई, जो लगभग चार दशकों में जिले में किसी भारतीय पीएम की पहली यात्रा थी। आंकड़ों के अनुसार, इस साल जम्मू और कश्मीर में 80 हत्याएं हुई हैं, जिनमें 41 आतंकवादी, 20 सुरक्षाकर्मी और 18 नागरिक शामिल हैं। विशेष रूप से जम्मू क्षेत्र में, पिछले तीन वर्षों में ड्यूटी के दौरान लगभग 50 सैनिकों ने अपनी जान गंवाई है, जो इस क्षेत्र के सामने गंभीर खतरे को उजागर करता है।

कई नेताओं के बच्चे भी हैं कश्मीर के चुनाव मैदान में

## जम्मू कश्मीर की राजनीति में वंशवाद की बेल

**सुरेश एस डुग्गर**
**जम्मू, 15 सितंबर।**




18 सितंबर को तीन चरणों में होने वाले चुनाव शुरू होने के साथ ही जम्मू-कश्मीर के कई प्रमुख राजनेताओं के बच्चे राजनीति के मैदान में कदम रख चुके हैं, जिनमें से कुछ पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती भी पहली बार चुनाव लड़ रही ऐसी ही एक उम्मीदवार हैं। तीसरी पीढ़ी के राजनेता उमर अब्दुल्ला अपने पिता फारूक अब्दुल्ला और दादा शेख मुहम्मद अब्दुल्ला के नक्शेकदम पर चल रहे हैं। जबकि मध्य कश्मीर के कंगन से सांसद मियां अल्ताफ अहमद के बेटे मियां मेहर अली राजनीति में अपने परिवार की चौथी पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के महासचिव अली मुहम्मद सागर के बेटे सलमान सागर और पूर्व स्पीकर मुहम्मद अकबर लोन के बेटे हिलाल अकबर लोन भी अपनी पारिवारिक परंपराओं को जारी रख रहे हैं।

इसी तरह से अपनी पार्टी के मुहम्मद दिलावर मीर के बेटे यावर मीर पहले रफियाबाद से विधायक रह चुके हैं। मारे गए अब्दुल गनी लोन के बेटे सज्जाद गनी लोन और शिया धर्मगुरु मौलवी इफ्तिखार अंसारी के बेटे इमरान अंसारी भी दावेदार हैं। यही नहीं, दिवंगत बशीर अहमद वानी के बेटे नासिर असलम वानी और गुलाम कादिर परदेसी के बेटे अहसान परदेसी एनसी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। दिवंगत सादिक अली के बेटे तनवीर सादिक और पूर्व कांग्रेस नेता गुलाम रसूल कर के बेटे इरशाद रसूल कर भी उम्मीदवारों में शामिल हैं। नेकां नेता मुहम्मद शफी उड़ी के बेटे सज्जाद शफी उड़ी निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। गुलाम मोहिउद्दीन कर्रा की विरासत को आगे बढ़ाने वाले तारिक हमीद कर्रा और गुलाम अहमद मीर के बेटे रफी अहमद मीर भी मैदान में हैं। जम्मू और कश्मीर के 2019 में केंद्र शासित प्रदेश के रूप में पुनर्गठित होने के बाद से ये चुनाव पहली बार होंगे, जो 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को तीन चरणों में होंगे और नतीजे 8 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे।




**सिखवाल ब्राह्मण समाज वैश्विक संगठन द्वारा विगत 27 वर्षों से नियमित रूप से अनंत चतुर्दशी पर्व (गणेश विसर्जन) पर पधारने वाले भक्तों के लिए प्रसाद व जल व्यवस्था की सेवा दी जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार 17 सितंबर को होने जा रहे गणेश विसर्जन कार्यक्रम के लिए बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें कार्यक्रम का बैनर विमोचित किया गया। सेवा व्यवस्था निजमा कॉलेज के सामने एलबी स्टेडियम के बाहर जगजीवन राम स्मारक के पास लगाई जाएगी।**

## दमरे के महाप्रबंधक ने तुंगभद्रा एक्सप्रेस पर कवच 3.2 प्रणाली का निरीक्षण किया

महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने उम्दानगर रेलवे स्टेशन का भी किया निरीक्षण




**हैदराबाद, 15 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

दक्षिण मध्य रेलवे (दमरे) के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने रविवार को तेलंगाना के सिकंदराबाद और उम्दानगर के बीच तुंगभद्रा एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान कवच, संस्करण 3.2 प्रणाली का निरीक्षण किया।

श्री जैन ने निरीक्षण के दौरान कवच टावरों, ट्रैकसाइड उपकरणों और सिग्नलिंग प्रणाली सहित कई घटकों के कामकाज की समीक्षा की। नागरस-ोल-मुदखेड़-सिकंदराबाद-धोण-गुंटकल और बीदर-परली वैजनाथ-परभणी खंडों पर सफल परीक्षणों के बाद कवच प्रणाली (संस्करण 3.2) को वाणिज्यिक संचालन के लिए पेश किया गया है। यह दमरे के 1,200 रूट किलोमीटर को कवर करता है। यह कवच लोको पायलटों को ब्रेक लगाने में विफल होने पर स्वचालित रूप से गति सीमा बनाए रखने में मदद करता है। यह प्रतिकूल मौसम की स्थिति के दौरान सुरक्षित ट्रेन संचालन भी सुनिश्चित करता है।श्री जैन ने इस अवसर पर बताया कि कवच प्रणाली को एक स्वतंत्र सुरक्षा निर्धारक द्वारा उच्चतम स्तर के सुरक्षा एकीकरण स्तर (एसआईएल4) के साथ प्रमाणित किया गया है जो ब्लॉक सेक्शनों में तथा स्टेशनों पर रनिंग लाइनों पर ट्रेन की टक्करों की रोकथाम सुनिश्चित करता है।

उन्होंने कहा कि यह प्रणाली खतरे में सिग्नल पार करने की घटनाओं को भी कम करती है जिससे ट्रेन संचालन की सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार होता है। जोन निकट भविष्य में कवच प्रणाली को संस्करण 4.0 में अपग्रेड करने की योजना बना रहा है।महाप्रबंधक ने उम्दानगर रेलवे स्टेशन का भी निरीक्षण किया, जिसमें यात्री सुविधाओं, परिसंचारी क्षेत्र तथा कवच प्रणाली के लिए सुरक्षा संबंधी प्रतिष्ठानों की समीक्षा की गई। उन्होंने बढ़ती जरूरतों तथा मांगों को ध्यान में रखते हुए स्टेशन के लिए भविष्य की विकास योजनाओं पर चर्चा की। दमरे की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि इस अवसर पर दमरे के प्रिंसिपल चीफ सिग्नल एवं टेलीकॉम इंजीनियर सौरभ बंद्योपाध्याय, हैदराबाद डिवीजन के डिवीजनल रेलवे मैनेजर लोकेश विश्नोई, सिकंदराबाद के चीफ सिग्नल एवं टेलीकॉम इंजीनियर (प्रोजेक्ट्स) वीएनएम राव तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## राहुल गांधी की कथनी और करनी बिलकुल विपरीत : किशन रेड्डी

***केंद्रीय मंत्री ने डलास घटना पर राहुल की चुप्पी की आलोचना की***

**हैदराबाद/नई दिल्ली, 15 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए कहा है कि उनके शब्द और कार्य लगातार एक दूसरे से अलग हैं।

श्री रेड्डी ने जारी एक बयान में विदेशी धरती पर भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों के ह्रास तथा संविधान का अनादर करने के बारे में बोलने के लिए श्री गांधी की आलोचना की। उन्होंने अमेरिका में एक पत्रकार के साथ घटित घटना का हवाला देते हुए कहा कि श्री गांधी से जुड़े लोग पत्रकारों के वैध सवालों का जवाब देने से डरते हैं।

श्री रेड्डी ने सवाल किया, यह श्री गांधी और उनके करीबी लोग हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं के नरसंहार के बारे में सवाल यह उजागर करता है कि कांग्रेस पार्टी हिंदुओं के साथ कैसा व्यवहार करती है। क्या यह नहीं बताया जा रहा है कि कांग्रेस के नेता एक वैध सवाल का जवाब



नहीं दे सके और इसके बजाय पत्रकार पर हमला कर दिया? उन्होंने सभी लोकतांत्रिक विचारधारा वाले व्यक्तियों से श्री गांधी और उनके सहयोगियों की निंदा करने का आग्रह किया, उन पर झूठा प्रचार करने का आरोप लगाया कि पत्रकारों को सुरक्षा नहीं मिलती।

भाजपा नेता ने कांग्रेस पार्टी पर मीडिया का दमन करने का आरोप लगाया। उन्होंने श्री गांधी की दादी इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल का हवाला दिया, जिसके दौरान कई पत्रकारों को आंतरिक सुरक्षा अधिनियम (मीसा) के तहत जेल में डाल दिया गया था। उन्होंने कहा, प्रेस को चुप कराने की आदत कांग्रेस पार्टी, खासकर नेहरू-गांधी परिवार के डीएनए में है। श्री रेड्डी ने हिंदू हितों की रक्षा करने में विफल रहने के लिए कांग्रेस पार्टी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के साथ अपनी चर्चाओं के दौरान बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा के बारे में चिंता जताई थी। श्री रेड्डी के अनुसार, हिंदू सुरक्षा के मुद्दों को संबोधित करने में श्री गांधी की अनिच्छा कांग्रेस पार्टी की कथित हिंदू विरोधी विचारधारा से उपजी है। उन्होंने कहा कि अधिकांश भारतीय अब कांग्रेस पार्टी पर भरोसा नहीं करते, भले ही वह संविधान की रक्षा करने का दावा करती हो।




**खैरताबाद गणेश जी की पूजा-अर्चना में भाग लेते हुए हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।**

## अग्रसेन बैंक की 26वीं वार्षिक साधारण सभा सम्पन्न




**हैदराबाद, 15 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

दि अग्रसेन कोऑपरेटिव अर्बन बैंक लिमिटेड की 26वीं वार्षिक साधारण सभा की बैठक रेड हिल्स स्थित एफटीसीसीआई में सम्पन्न हुई। अग्रसेन बैंक के चेयरमैन प्रमोद कुमार केडिया ने बैंक की 26वीं वार्षिक आम सभा में सभी का स्वागत करते हुए गर्व और खुशी का इजहार किया। उन्होंने आगे कहा कि मैं आपके निरंतर विश्वास, भरोसे और समर्थन के लिए आभारी हूँ, जो स्थापना के बाद से हमारी 26 वर्षों की विकास और सफलता की यात्रा में सहायक रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के दौरान, बैंक ने गुड कॉरपोरेट गवर्नेंस, डिजिटल बैंकिंग और साइबर सुरक्षा में कई मील के पत्थर हासिल किए हैं, साथ ही हमारे सभी हितधारकों की संतुष्टि के लिए कई अन्य मील के पत्थर हासिल किए हैं। मैं उन सभी शेयरधारकों को धन्यवाद देना चाहता हूँ जिन्होंने जुलाई 2024 के महीने में आयोजित बैंक की प्रबंध समिति के चुनावों में भाग लिया और हमारी टीम के सदस्यों को अपना भरपूर और ठोस समर्थन दिखाया और सभी निदेशकों को भारी बहुमत से चुना। श्री केडिया ने बैंक की प्रगति की रिपोर्ट साझा की। उन्होंने बताया कि गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष बैंक ने काफी प्रगति दर्ज की। उन्होंने कहा कि बैंक का कारोबार 954.27 करोड़ रुपये से बढकर 957.63 करोड़ रुपये तक पहुंच गा है। बैंक की जमा राशि भी गत वर्ष के 568.41 करोड़ से बढकर 592.44 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

चेयरमैन ने कहा कि बैंक समय के साथ चलते हुए डिजिटल बैंकिंग पर विशेष ध्यान दे रहा है। बैंक यूपीआई, आईएमपीएस, रूपे डेबिट कार्ड, ई-कॉमर्स, पीओएस ट्रांजेक्स, आरटीजीएस/नेफ्ट, सीबीडीटी भुगतान, एनएसीएच, ईसीएस, मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, क्यूआर कोड विद साउंड बॉक्सेस, पीएमजेजेबीआई, पीएमएसबीवाई, पीएफएमएस का उपयोग कर रहा है। उन्होंने सहकारी विभाग, आरबीआई, निदेशक मंडल एवं अंशधारक सहित सभी ग्राहकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सीनियर वाइस चेयरमैन सीए नवीन कुमार अग्रवाल, वाइस चेयरमैन सुरेश कुमार अग्रवाल, निदेशक- नारायण दत्त, नरसिंह दास, गोपालचंद अग्रवाल, महेश कुमार अग्रवाल, राजेश कुमार अग्रवाल, अंजू केडिया, अपूर्वा अग्रवाल, बजरंग प्रसाद गुप्ता एवं सीए पंकज कुमार अग्रवाल तथा बोर्ड प्रबंधन के सदस्य, वरिष्ठ प्रबंधन टीम व अंशधारक उपस्थित थे।



केंद्रीय हिंदी संस्थान हैदराबाद केंद्र और केंद्रीय हिंदी निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में

# हिंदीतरभाषी हिंदी नवलेखक शिविर का उद्घाटन समारोह सम्पन्न




**हैदराबाद, 15 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
केंद्रीय हिंदी संस्थान हैदराबाद केंद्र द्वारा आंध्र प्रदेश राज्य के मॉडल स्कूल के हिंदी अध्यापकों के प्रशिक्षण के लिए 474वें नवीकरण पाठ्यक्रम का आयोजन 02 सितंबर से 14 सितंबर तक हैदराबाद केंद्र पर आयोजित किया गया। इस पाठ्यक्रम का समापन समारोह व केंद्रीय हिंदी निदेशालय नई दिल्ली, उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली तथा केंद्रीय हिंदी संस्थान, हैदराबाद केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हिंदीतरभाषी हिंदी नवलेखक शिविर का उद्घाटन समारोह तथा हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी पखवाड़े का उद्घाटन समारोह 14 सितंबर को हैदराबाद केंद्र पर आयोजित किया गया। इस नवीकरण पाठ्यक्रम में कुल 34 प्रतिभागियों ने (महिला–15, पुरुष–19) नियमित रूप से उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

सर्वप्रथम मां शारदे के समक्ष मंचस्थ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभाआरंभ किया गया। सरस्वती वंदना प्रतिभागी अध्यापक मधुप्रिया व इंद्रवातम्मा ने की तथा संस्थान गीत महिला प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत मधुप्रिया कांतम्मा व इंद्रावतम्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा तथा केंद्रीय हिंदी निदेशालय, नई दिल्ली के निदेशक प्रो. सुनील बाबुराव कुलकर्णी ने की। कार्यक्रम के संयोजक केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक प्रो. गंगाधर वानोडे रहे, मुख्य अतिथि दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, हैदराबाद के उच्च शिक्षा और शोध संस्थान के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष तथा मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय (मानू) के दूरस्थ शिक्षा निदेशालय के परामर्शी (हिंदी) सदस्य तथा कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि सहायक निदेशक (भाषा) केंद्रीय हिंदी निदेशालय, भारत सरकार, नई दिल्ली तथा हिंदीतरभाषी हिंदी नवलेखक शिविर संयोजक डॉ. कृति शर्मा रहीं। नवीकरण पाठ्यक्रम प्रभारी एवं हिंदीतरभाषी हिंदी नवलेखक शिविर के समन्वयक डॉ. फत्ताराम नायक रहे । डॉ. एस. राधा, डॉ. प्रदीप कुमार भी मंच पर उपस्थित रहे।

अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. सुनील बाबुराव कुलकर्णी ने कहा कि हिंदी दिवस के अवसर पर यह कार्यक्रमों का त्रिवेणी संगम है। आज हिंदी विश्व की भाषा बन गई है। नवीकरण में जो प्रतिभागी प्रशिक्षित हुए हैं वे अपने ज्ञान को विद्यार्थियों के बीच फैलाएँ, जो नवलेखक शिविर के प्रतिभागी हैं उन्हें साहित्य के हेतु, तत्वों को जानना आवश्यक है। आप अपने नवलेखन को और अधिक किस प्रकार संवार सकते हैं, इस कार्यक्रम के माध्यम से उस पर प्रकाश डाला जाएगा। उन्होंने कहा कि आप बहुजन हिताय हेतु लिखें।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. ऋषभदेव शर्मा ने कहा कि हिंदी दिवस को हम भारतीय भाषा दिवस के रूप में जानते हैं। अगर भाषा नहीं होती तो यह सारा संसार अंधकारमय हो जाता। भारतीय भाषाएँ विश्व भाषाओं से किसी भी रूप में कमतर नहीं है। कार्यक्रम संयोजक व क्षेत्रीय निदेशक प्रोफेसर गंगाधर वानोडे ने कहा कि नवीकरण पाठ्यक्रम व नवलेखक शिविर से आप अपने हिंदी के ज्ञान को अद्यतन करते रहें तथा इस ज्ञान के माध्यम से आप अपने विद्यार्थियों के जीवन में प्रकाश फैलाते रहें। सफलतापूर्वक नवीरकण पाठ्यक्रम पूर्ण करने पर आपने सभी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई दी।

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि डॉ. कृति शर्मा ने नवलेखक शिविर के मंतव्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस शिविर के माध्यम से हिंदीतरभाषी नवलेखक अपने नवसृजन का विस्तार कर पाएँगे साथ ही उन्होंने केंद्रीय हिंदी निदेशालय द्वारा किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों तथा निदेशालय का परिचय दिया। डॉ. राधा ने अतिथियों का परिचय व स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर संस्थान से दक्षिण भारत की संस्कृति पर आधारित त्रैमासिक पत्रिका समन्वय दक्षिण का विमोचन भी किया गया तथा 474वें नवीकरण पाठ्यक्रम के हिंदी अध्यापकों द्वारा तैयार हस्तलिखित पत्रिका संस्कृतियों का देश–हमारा आंध्र प्रदेश का विमोचन मंचस्थ अतिथियों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर प्रतिभागी अध्यापक जहीर खान व कातंम्मा ने अपनी स्वरचित कविता प्रस्तुत की। इंद्रवतम्मा ने देशभक्ति गीत गाया। महिला प्रतिभागी समूह द्वारा लोकनृत्य कोलाटम प्रस्तुत किया गया। अतिथि अध्यापक डॉ. योगेन्द्रनाथ मिश्र व डॉ. राजीव कुमार सिंह ने भी इस अवसर पर अपना आशीर्वचन दिया।

नवीकरण के प्रतिभागी अध्यापकों द्वारा इस अवसर पर अपने सभी शिक्षकों व मंचस्थ अतिथियों का सम्मान भी किया तथा पर परीक्षण में प्रथम पुरस्कार बी. दुर्गादेवी, द्वितीय पुरस्कार सय्यद जीलानी, तृतीय पुरस्कार पी. मोहन रेड्डी तथा प्रोत्साहन पुरस्कार के. कांतम्मा ने प्राप्त किया।

इस पाठ्यक्रम के दौरान प्रो. गंगाधर वानोडे, डॉ. फत्ताराम नायक व बाह्य अतिथि अध्यापक डॉ. योगेंद्रनाथ मिश्र, डॉ. सी. कामेश्वरी, डॉ. राजीव कुमार सिंह, डॉ. संध्यादास ने अध्यापन का कार्य किया तथा डॉ. मोहम्मद कमालुद्दीन एवं डॉ. रजनीधारी ने विशेष व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के समापन समारोह के अंत में मंचस्थ अतिथियों द्वारा प्रमाण–पत्र वितरण किए गए। डॉ. फत्ताराम नायक ने केंद्रीय हिंदी संस्थान, हैदराबाद केंद्र का परिचय व मंच का संचालन किया। धन्यवाद ज्ञापन केंद्रीय हिंदी निदेशालय के डॉ. प्रदीप कुमार व डॉ. एस. राधा ने दिया। तकनीकी सहयोग सजग तिवारी व डॉ. संदीप कुमार ने दिया।

# महाराजा अग्रसेनजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण का कार्यक्रम आयोजित



**हैदराबाद, 15 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
अग्रवाल समाज तेलंगाना द्वारा महाराजा अग्रसेन जी की 5148वीं जयंती जो 3 अक्तूबर को मनाई जाएगी, जिसके संदर्भ में महाराजा अग्रसेन जी की बंजारा हिल्स में स्थापित प्रतिमा पर अग्रवाल समाज महाराजा अग्रसेन मार्ग शाखा एवं बंजारा सेंट्रल शाखा द्वारा मिलकर माल्यार्पण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

एक प्रेस विज्ञप्ति में महाराजा अग्रसेन मार्ग शाखा के केंद्रीय समिति सदस्य मुकुंद लाल अग्रवाल ने बताया कि सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा के माथे पर तिलक लगाकर माल्यार्पण एवं प्रसाद अर्पित किया गया।

महाराजा अग्रसेन मार्ग शाखा के अध्यक्ष मुन्नालाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष ताराचंद बंसल, मानद मंत्री सुभाष कुमार अग्रवाल, सहमंत्री कैलाश चंद अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष महेश कुमार अग्रवाल, केंद्रीय समिति सदस्य मुकुंद लाल अग्रवाल, राजेंद्र कुमार अग्रवाल, परामर्शदाता सुरेश कुमार अग्रवाल, कैलाश चंद अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य शंकर लाल अग्रवाल एवं बंजारा सेंट्रल शाखा के मानद मंत्री मनीष अग्रवाल, केंद्रीय समिति सदस्य विजय गुप्ता, सुनील कुमार अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य रमेश कुमार अग्रवाल, सुभाष केडिया, रवि अग्रवाल आदि उपस्थित थे। प्रसाद ग्रहण करने के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ।



**पेशीड्डु डीम वैली शिवरामपल्ली में डीम वैली महिला मंडल द्वारा गणेश उत्सव का आयोजन और पूजा अर्चना किया गया।**

# हैदराबाद पुलिस ने गणेश प्रतिमा विसर्जन एवं मिलाद–उन–नबी की तैयारियां की तेज

**हैदराबाद, 15 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद सिटी पुलिस ने 17 सितंबर को होने वाले गणेश प्रतिमा जुलूस और विसर्जन, उसी दिन पब्लिक गार्डन और परेड ग्राउंड में होने वाले अन्य प्रमुख कार्यक्रमों और रविवार रात से शुरू होने वाले मिलाद–उन–नबी के लिए अपनी तैयारियों के अंतिम चरण को तेज़ कर दिया है।

सिटी पुलिस कमिश्नर सी वी आनंद ने रविवार की रात सभी जोनल पुलिस उपायुक्त (डीसीपी), एसएचओ और गश्ती एवं ब्लू कोल्ट्स टीमों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस की। ब्रीफिंग के दौरान श्री आनंद ने आगामी चुनौतियों पर प्रकाश डाला और बंदोबस्त योजनाओं के कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर ज़ोर दिया।

उन्होंने आज रात से शुरू होने वाले सुरक्षा उपायों को बढ़ाने, बेहतर खुफिया जानकारी जुटाने और एक अच्छी तरह से समन्वित कार्य योजना की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। उन्होंने पिछले साल की कमियों का जिक्र करते हुए एक मजबूत यातायात प्रबंधन योजना के महत्व को रेखांकित किया, खासकर बशीरबाग और एम जे मार्केट जैसे महत्वपूर्ण जंक्शनों पर।

उन्होंने कहा, इन प्रमुख जंक्शनों की ओर आने वाली विभिन्न सड़कों से यातायात को कुशलतापूर्वक प्रबंधित किया जाना चाहिए। उन्होंने डीसीपी को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि गणेश प्रतिमा जुलूस बिना किसी देरी के आगे बढ़े और आयोजकों को आवश्यक रसद सहायता प्रदान करें।

अतिरिक्त निर्देशों में बल के समायोजन की योजना बनाना, बाहरी बलों को जानकारी देना, संचार प्रणाली को बढ़ाना, तोड़फोड़ विरोधी जांच करना, सोशल मीडिया की निगरानी करना और सी टीमों, ड्रोन और कैमरा–माउंटेड वाहनों का उपयोग करना शामिल है। अतिरिक्त प्लाटून की रणनीतिक तैनाती को भी प्राथमिकता दी गई। ब्रीफिंग के दौरान 19 सितंबर को मिलाद–उन–नबी जुलूस की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें परिचालन रसद पर विशेष ध्यान दिया गया। डीसीपी ने अपने–अपने अधिकार क्षेत्र में लागू किए जा रहे सुरक्षा उपायों और कार्य योजनाओं पर अपडेट प्रदान किए।


पुलिस के एक बयान में कहा गया है कि बशीरबाग में पुराने पुलिस आयुक्त (सीपी) कार्यालय में तेलंगाना गणेश समन्वय समिति (टीजीसीसीसी) और सिटी कमांड कंट्रोल सेंटर (सीसीसी) विसर्जन के दिन सुबह से ही चालू हो जाएंगे, जिसमें विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि किसी भी मुद्दे को हल करने के लिए मौजूद रहेंगे।



**आकाश इन्नोवा रेजीडेंसी डीवी कॉलोनी मिनिस्टर रोड सिकंदराबाद में अयोध्या रूप राम मंदिर गणेश जी महाराज की स्थापना की गई और रोजाना पूजा अर्चना की जा रही है। पूजा के दौरान उपस्थित पीडी जाखोटिया, यश जाखोटिया, ख़ुशी जाखोटिया, शिव कुमार, मनीष, शीतल, रितु, स्नेहा, अर्नव, आरवी, मोदानी, नवरत्न मल डूगड़, मंजु दूगड़, निशा दूगड़, हर्ष दूगड़, पीयूस शाह, किशोर डी मेहता, अजय और बिल्डिंग के सभी सदस्य।**

# राज्यपाल जिष्णु देव ने दी ईद मिलाद–उन–नबी की शुभकामनाएं

**हैदराबाद, 15 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने प्रदेशवासियों को ईद मिलाद–उन–नबी के अवसर पर बधाई दी है। श्री वर्मा ने रविवार को कहा, मैं पैगंबर मोहम्मद के जन्मदिन ईद मिलाद–उन–नबी के शुभ अवसर पर अपनी हार्दिक बधाई देता हूं। करुणा, सहिष्णुता, एकता, सद्भाव और सार्वभौमिक भाईचारे की पैगंबर मोहम्मद की महान शिक्षाएं हम सभी को सभी की भलाई के लिए काम करने के लिए प्रेरित करती रहें। चारों ओर शांति और समृद्धि हो। सबसे आदरणीय पैगंबर का मिशन तब पूरा होता है, जब हम अपने साथियों की सेवा विश्वास, भरोसा, देखभाल, दया और करुणा के साथ करते हैं। इस अवसर पर, हम सभी समाज में एकता, सद्भाव, शांति, सार्वभौमिक भाईचारे और समृद्धि को बढ़ावा देने का संकल्प लें। मैं आप सभी को मिलाद–उन–नबी को उसकी सच्ची भावना में मनाने की कामना करता हूं।



# वेंकैया नायडू ने लोगों से पौष्टिक भोजन के साथ स्वस्थ रहने का किया आग्रह

**हैदराबाद, 15 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने लोगों से पौष्टिक भोजन का सेवन कर और स्वच्छ वातावरण के साथ स्वस्थ रहने का आग्रह किया है।

श्री नायडू रविवार को बोरबांडा में नैटको सरकारी स्कूल में एआईजी अस्पताल के सहयोग से स्वर्ण भारत ट्रस्ट, हैदराबाद चैप्टर द्वारा आयोजित एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर के उद्घाटन पर बोल रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान इस पहल पर अपनी खुशी व्यक्त की। इसका उद्देश्य वंचितों को चिकित्सा देखभाल प्रदान करना है। उन्होंने कॉरपोरेट अस्पतालों के डॉक्टरों द्वारा गरीबों तक पहुंचने, चिकित्सा जांच करने और उचित स्वास्थ्य मार्गदर्शन प्रदान करने के विचार की सराहना की। श्री नायडू ने डॉक्टरों, शिक्षकों, सरकारी एजेंसियों और स्वैच्छिक संगठनों को लोगों के बीच स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला।



**बाल गणेश यूथ एसोसिएशन श्रीपुरम कॉलोनी मुसारामबाग द्वारा स्थापित गणेश प्रतिमा की पूजा–अर्चना की गई। इस अवसर पर उपस्थित कनिष्क अलंदकर, कार्तिक अलंदकर, अमया, शारदा, लक्ष्मी, कृष्णा और अन्य।**

# महेश कुमार गौड़ ने संभाला तेलंगाना कांग्रेस के अध्यक्ष का पदभार

**हैदराबाद, 15 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
बोम्मा महेश कुमार गौड़ ने रविवार को हैदराबाद के गांधी भवन में तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस समिति (टीपीसीसी) के अध्यक्ष के रूप में आधिकारिक रूप से पदभार ग्रहण किया।



गांधी भवन पहुंचने से पहले श्री गौड़ ने गन पार्क में स्तूपम पर तेलंगाना शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और फिर एक रैली के लिए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। कार्यभार संभालने से पहले उन्होंने गांधी भवन में अपने कक्ष में विशेष पूजा की। इस कार्यक्रम में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क, मंत्री, सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य (एमएलसी), अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) के सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी दीपादास मुंशी, एआईसीसी सचिव, निगम अध्यक्ष, पूर्व राज्यसभा सदस्य वी हनुमंत राव और कांग्रेस नेताओं तथा कार्यकर्ता सहित कई प्रमुख नेता शामिल हुए। श्री रेड्डी और श्री विक्रमार्क ने पदभार ग्रहण करने पर श्री गौड़ को बधाई दी।

# प्रधानमंत्री आज नागपुर–सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना

**हैदराबाद, 15 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
भारतीय रेलवे का गौरव और भारत की स्वदेशी सेमी–हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस महाराष्ट्र और तेलंगाना राज्यों को जोड़ने वाली अपनी पहली यात्रा शुरू करने के लिए तैयार है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 सितंबर, 2024 को वीडियो रिमोट लिंक के माध्यम से नागपुर और सिकंदराबाद को जोड़ने वाली उद्घाटन वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे।

वंदे भारत एक्सप्रेस का स्वदेशी रूप से डिज़ाइन किया गया ट्रेन सेट अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ रेल उपयोगकर्ताओं को तेज, आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान करेगा और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में भारतीय रेलवे के दृष्टिकोण का एक और महत्वपूर्ण कदम होगा। यह ट्रेन महाराष्ट्र के महत्वपूर्ण शहर नागपुर और तेलंगाना के सिकंदराबाद को जोड़ेगी, जिससे दोनों क्षेत्रों के बीच व्यापारिक संबंध मजबूत होंगे। यह ट्रेन महाराष्ट्र राज्य के विदर्भ क्षेत्र को औद्योगिक केंद्र रामागुंडम, काजीपेट और सिकंदराबाद से जोड़ेगी। ट्रेन नागपुर से सिकंदराबाद के बीच की दूरी 7 घंटे 15 मिनट में तय करेगी। ट्रेन में 2 एग्जीक्यूटिव क्लास कोच और 18 चेयर कार कोच हैं, जो पूरी तरह से वातानुकूलित हैं और कुल मिलाकर 1440 सीटों की बैठने की क्षमता है। ट्रेन सुविधाजनक समय प्रदान करती है जिससे नागपुर, बल्हारशाह और अन्य शहरों से सिकंदराबाद तक पहुंचने के लिए दिन के समय यात्रा की सुविधा मिलती है।



वंदे भारत एक्सप्रेस अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं से सुसज्जित है जैसे ऑन–बोर्ड वाई–फाई इंफोटेनमेंट, जीपीएस आधारित यात्री सूचना प्रणाली, आलीशान इंटीरियर, टच फ्री सुविधाओं के साथ बायो वैक्यूम शौचालय, विसरित एलईडी लाइटिंग, नीचे चार्जिंग पॉइंट प्रत्येक सीट, व्यक्तिगत स्पर्श आधारित रीडिंग लाइट और छुपा हुआ रोलर ब्लाइंड, बेहतर हीट वेंटिलेशन और हवा की रोगाणु मुक्त आपूर्ति के लिए यूवी लैंप के साथ एयर कंडीशनिंग प्रणाली। प्रत्येक कोच में इंफोटेनमेंट सिस्टम और कवच तकनीक सहित सुरक्षा सुविधाएं एक अतिरिक्त सुविधा हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.